उ0प्र0 शासन द्वारा संचालित दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति ऑनलाइन आवेदन प्रकिया वर्ष (2013–14) से सम्बन्धित आवेदक के लिये सहायतित तकनीकी बिन्दु

सर्वप्रथम छात्र/छात्रा वेबसाइट में दिये गये दिशा–निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें तथा दिये गये प्रारूप फार्म को प्रिंट कर लें। प्रिंट किये गये फार्म पर अपने रिकार्ड के अनुसार सूचना सही–सही भर लें ताकि ऑनलाइन फार्म भरते समय सरलता रहे। ऑनलाइन आवेदन में समस्त प्रविष्टियां **अंग्रेजी भाषा के कैपिटल लैटर्स** में तथा संख्यात्मक प्रविष्टियाँ एक ही अंक पद्धति में अंकित की जानी हैं। प्रविष्टियां भरने में स्पेशल करैक्टर (#, $,%,^, &, *,( ), -, = इत्यादि) का प्रयोग नहीं किया जायेगा।

ऑनलाइन फार्म भरने की प्रक्रिया दो चरणों में पूर्ण की जायेगी –

1. आनलाइन आवेदन हेतु रजिस्ट्रेशन करना–

- प्रथम चरण में छात्र/छात्रा को निर्धारित वेबसाइट **http://scholarship.up.nic.in** के माध्यम से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना होगा। रजिस्ट्रेशन में मांगी गयी सम्पूर्ण प्रविष्टियां वेबसाइट पर निर्धारित प्रारूप में सही–सही भरना आवश्यक होगा। रजिस्ट्रेशन फार्म में स्वनिर्मित पासवर्ड डाले की एक प्रविष्टि होगी जिसमें आपको अपना एक पासवर्ड भरना होगा (जिसे आप हमेशा याद रखे तथा भविष्य के प्रयोग हेतु इसे कहीं नोट करके रख लें)। निर्धारित कालमों में प्रविष्टियां भरकर SUBMIT बटन पर क्लिक करें।
- तत्पश्चात रजिस्ट्रेशन के उपरांत आवेदक का एक रजिस्ट्रेशन नम्बर स्वयं जेनेरेट होगा एवं रजिस्ट्रेशन में भरी गयी प्रविष्टियों के आधार पर स्क्रीन पर रजिस्ट्रेशन स्लिप प्रिंट करने का विकल्प होगा। जिस पर क्लिक करके अपनी रजिस्ट्रेशन स्लिप प्रिंट करें।

2. आनलाइन आवेदन करना–

- सफलतापूर्वक रजिस्ट्रेशन करने के उपरांत आवेदक को दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति के लिये आनलाइन आवेदन करना होगा।
- जिसके लिये उसी वेबसाइट पर जाकर आनलाइन आवेदन पत्र भरें विकल्प पर क्लिक करें। क्लिक करने के उपरांत स्क्रीन पर निर्धारित कालम में रजिस्ट्रेशन स्लिप के अनुसार अपनी रजिस्ट्रेशन संख्या, जन्म तिथि एवं स्वनिर्मित पासवर्ड भरें।
- इसके बाद स्क्रीन पर दिये गये कोड को भरकर SUBMIT बटन पर क्लिक करें। प्रविष्टियां सही होने पर स्क्रीन पर आनलाइन आवेदन का प्रारूप खुल जायेगा।
- इस प्रारूप में ऊपर के हिस्से में कुछ सूचनायें स्वतः प्रदर्शित होगी, जो आवेदक द्वारा आनलाइन रजिस्ट्रेशन के समय भरी गयी थी इस प्रारूप में आवेदक को वांछित कालम में सूचनायें सही–सही भरना होगा।
- जिन कालम के सामने स्टार (*) प्रदर्शित हो रहा है, उन कालमों में सूचना भरना अनिवार्य होगा।

- इस प्रकार आवेदन में समस्त प्रविष्टियां पूर्ण होने के उपरांत SUBMIT बटन पर क्लिक करें। तत्पश्चात नयी स्क्रीन खुलेगी जिस पर फोटो अपलोड करने का विकल्प मिलेगा।
- फोटो अपलोड करने के लिये पहले अपनी 20 KB की एक फोटो, जिसके नीचे आवेदक के हस्ताक्षर हों, स्कैन करके कम्प्यूटर पर रख लें। अपलोड की जाने वाली फोटो JPEG तथा JPG Format में होनी चाहिये तथा फोटो साइज 20 KB से अधिक नहीं होनी चाहिए।
- फोटो अपलोड करने की प्रक्रिया में स्क्रीन पर दिये गये Browse Option से अपने फोटो को Select करें एवं उसके बाद Upload Photo वाले विकल्प पर क्लिक करें। इससे आपका फोटो अपलोड हो जायेगा। अपलोड किये गये फोटो की सत्यतता के लिये तत्पश्चात अपना View Photo विकल्प पर क्लिक करें, जिससे कि अपलोड किया गया फोटो स्क्रीन पर प्रदर्शित होगा। यदि फोटो सही है तो स्क्रीन पर प्रदर्शित SUBMIT बटन पर क्लिक करें, अन्यथा Browse Option से दूबारा फोटो अपलोड करें।
- फोटो अपलोड करने के उपरान्त अपने फार्म की जांच करना आवश्यक है कि आप द्वारा समस्त भरी हुयी प्रविष्टियां सही है। इसके लिये उसी स्क्रीन पर अपना भरा हुआ आवेदन जांच हेतु प्रिंट करें आप्शन के माध्यम से फार्म प्रिन्ट कर लें तथा उसकी भली भांति जांच कर लें। यदि किसी संशोधन की आवश्यकता है तो मेन स्क्रीन पर जाकर आवेदन पत्र संशोधित करें विकल्प के माध्यम से अपना आवेदन पुनः संशोधित कर सकते है।
- यदि फार्म में किसी संशोधन की आवश्यकता नही है तो होम पेज पर जाकर कालेज में जमा करने हेतु प्रिन्ट लें, से अपने भरे गये आवेदन का प्रिंट आउट निकाल लें एवं इस प्रिंट आउट को समस्त अन्य वांछित डाक्यूमेण्ट जैसे– आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र/निवास प्रमाण पत्र, हाईस्कूल की अंकपत्र– प्रमाण पत्र, कालेज में जमा किये गये शुल्क की रसीद की कापी एवं बैंक की पासबुक की कापी जिस पर एकाउंट नम्बर प्रदर्शित हो रहा हो आदि, प्रतिलिपियां संलग्न करते हुये अपने अध्ययनरत शिक्षण संस्था में सम्बन्धित अधिकारी के पास जमा करके उसकी रसीद प्राप्त कर लें।
- एक बार कालेज में जमा करने हेतु प्रिन्ट लें, से प्रिन्ट लेने के बाद आपका **डाटा लॉक हो जायेगा** और किसी भी अवस्था में संशोधित नही किया जा सकता है। यही प्रिंट आउट आपका फाइनल माना जायेगा।